बच्चों को समझाया धर्म का मर्म और पाप और हिंसा से बचने के उपाय

■ सुगनजी महाराज के उपासरे में बच्चों का संस्कार शिविर आयोजित

बीकानेर, (कासं)। जैन श्वेताम्बर के आचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर के सानिध्य में रविवार को रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में बच्चों का संस्कार शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 72 बालक-बालिकाओं ने पाप कर्मों, हिंसा से बचने, धर्म व संस्कति के मर्म को समझकर उसके अनुसार चलने की जानकारी दी। मुनि शाश्वत रतन सागर व मुनि श्लोक सागर ने बच्चों से प्रस्तुत विषयों पर प्रश्नोत्तरी कर उनकी जिज्ञासाओं को दूर किया।

आचार्यश्री सोमवार को सुबह प्रवचन के बाद आसानिया चौक क्षेत्र के वीर पिता भीखमचंद बरड़िया निवास जायेंगे जहां गुरू वंदन पूजन व भक्तामर का पाठ किया जायेगा। आचार्यश्री मुनि व साध्वीवृंद के साथ मंगलवार को सुबह साढ़े पांच बजे ढढ्ढा चौक से उदयरामसर दादाबाड़ी के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां उनके सानिध्य में भक्ति संगीत संध्या, दादा गुरूदेव की बड़ी पूजा व सामूहिक प्रसाद का आयोजन होगा।

आचार्य ने रविवार को धर्म चर्चा में कहा कि प्रभु के वचनों पर श्रद्धा व विश्वास रखें तथा शुद्ध ज्ञान, दर्शन व चारित्र को प्रकट करें। पुण्यों के अनुसार परमात्मा सबको देता है। पुण्य से अधिक किसी को नहीं मिलता। मिली हुई धन सम्पत्ति व वैभव के प्रति परमात्मा का आभार जताएं तथा पुण्यों का अर्जन व पापों का विसर्जन करें।

बीकानेर में सुगनजी महाराज के उपासरे में बाल संस्कार शिविर में बच्चों को जानकारी देते मुनवृंद।

बीकानेर के मुनि सम्यक रतन सागर ने कहानियों के माध्यम से कहा कि जिन शासन के दर्शन, तत्व को समझे तथा मेरा सो मेरा, तेरा सो तेरा" के सिद्धांत पर चलें। लोभ, मान,माया व कषायों का त्याग करें। अपने परिजनों, समाज व देश के लिए मनोवृति को सही रखें। प्रवचन स्थल पर छत्तीसगढ़ धमंतरी के शांति लाल बैद, जोधपुर के कमलराज भंसाली का अभिनंदन जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष संदीप मुसरफ, मंत्री मनीष नाहटा व पारस बोथरा ने श्रीफल, दुपट्टा आदि से किया। रविवार को दिल्ली के शांति लाल बैद परिवार व वीर माता योगिता, पिता पारसमल गोलछा(मुनि श्रेय रतन सागर के माता-पिता) ,दुर्ग की ओर से प्रवचन में उपस्थित सभी श्रावक-श्राविकाओं का श्रीफल की प्रभावना से अभिनंदन किया। सुगन महाराज का उपासरा ट्रस्ट व जिनेश्वर युवक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आचार्यश्री जिन पीयूष सागर सूरीश्वरजी के सान्निध्य में 21 व 22 सितम्बर को प्रस्तावित श्री ट्रस्टी अधिवेशन अब 28 व 29 सितम्बर को होगा। सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा व जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष संदीप मुसरफ ने बताया कि रविवार को ढढ्ढा कोटड़ी में जैन महासभा की ओर से आयोजत सामूहिक क्षमापना समारोह के कारण तिथि में बदलाव किया गया है।

मुनि सम्यक रतन सागर ने कहा कि बड़े-बड़े व्यापारिक मॉल, ऑनलाइन व्यापार ने अनेक लोगों के रोजगार को छीन रहे हैं। इन माल और ऑन लाइन से खरीदारी करने वाले सब्जी व अन्य उपयोगी सामग्री बेचकर दो जून की रोटी कमाने वाले के हितों पर कुठाराघात करते हुए पाप कर्म का बंधन बांधते हैं। जिन शासन प्राणी मात्र के हितों की रक्षा का संदेश देता है। हमें दूसरों के हितों को छीन कर अपने हित की पूर्ति नहीं करना चाहिए।

इस अवसर पर वीर नाना लक्ष्मीचंद लूणियां, संतोष देवी लूणिया, मुनि श्रेय रतन सागर के माता-पिता योगिता और पारसमल गोलछा, दुर्ग के वीर भ्राता राजेन्द्र मरोठी नरेश बैद, पारस झाबक, सुरेशचंद कटारिया और विजय कुमार बैद का सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट की ओर से शॉल, श्रीफल व दुपट्टा से सम्मानित किया।

भगत सिंह की जयंती पर होगा प्रतिभा सम्मान

बीकानेर, (कासं)। विश्वकर्मा गेट के पास स्थित श्रीनाथ काम्प्लेक्स कार्यालय में आज ग्रुप ऑफ भगत सिंह की एक बैठक रखी गई। बैठक में भगत सिंह की जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह का निर्णय लिया। ग्रुप ऑफ भगत सिंह के मीडिया प्रभारी डूंगरमल उपाध्याय ने बताया कि आज की बैठक की अध्यक्षता ग्रुप अध्यक्ष नवलगिरी ने की। ग्रुप के सचिव रवि देवड़ा ने बताया कि आज की बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी 28 सितम्बर को शहीद भगत सिंह की 117 वीं जयंती पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवस्था को लेकर रखी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ग्रुप अध्यक्ष नवल गिरी ने बताया कि आगामी 28 सितम्बर को ग्रुप ऑफ भगत सिंह द्वारा बीकानेर में एक भव्य कार्यक्रम मनाया जायेगा। जिसके अंतर्गत ग्रुप सदस्यों एवं अन्य नागरिकों के सहयोग से ग्रुप द्वारा गत वर्ष जयनारायण व्यास कॉलोनी सेक्टर सेकंड में स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में स्थापित भगत सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उसके बाद शाम 5:00 बजे बीकानेर के ही एमएम ग्राउंड पास स्थित नाथूसर बास में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर जहां एक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। वहीं गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रुप की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 का कार्यक्रम भी रखा गया है।

सार-समाचार

'गौवंश को बचाने की जरूरत'

गौमाता प्रतिष्ठा आन्दोलन को लेकर समिति के सदस्यों ने बैठक की।

बीकानेर, (कासं)। गायों को बचाने के लिए चल रहे आंदोलन में 18 अक्टूबर को जयपुर में गो ध्वज स्थापना होगी। इसमें प्रदेश के गो सांसद शामिल होंगे। इस यात्रा में आम लोगों को जोड़ने के लिए गौ रक्षा दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और गोमाता प्रतिष्ठा आन्दोलन के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जांगिड़, गौ रक्षा दल राजस्थान के प्रदेश समन्वयक मालचंद शर्मा और गौ रक्षा दल राजस्थान के प्रदेश महासचिव प्रदीप सिंह राठौड़ शनिवार को बीकानेर पहुंचे। जैसलमेर रोड स्थित राम मंदिर में हुई बैठक में इन लोगों ने हर सनातनी व्यक्ति से गायों की रक्षा करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि गोवंश को बचाने के लिए हमारी सरकार को चाहिए कि गाय को माता घोषित किया जाए। ऐसा करने के बाद ही हम शुकून से जी सकते हैं। कार्यक्रम में गो सांसद बने बीकानेर के संतोषानंद महाराज ने कहा कि गायों को बचाने के लिए हम सब को मिलजुल कर काम करना होगा। यह काम किसी अकेले के वश का नहीं है। गायों को बचाने के लिए हमें सड़क पर उतरना होगा। उन्होंने 18 अक्टूबर को जयपुर में होने वाले गो ध्वज स्थापना यात्रा में चलने का आव्हान किया है। विदित रहे कि श्रीगंगानगर में गायों को जोड़ने का काम करेंगे।

शिवबाड़ी रोड पर सफाई अभियान

बीकानेर में इंजीनियर्स डे के उपलक्ष में टीम ऑवर फॉर नेशन ने शिवबाड़ी रोड पर साफ-सफाई की।

बीकानेर, (कासं)। इंजीनियर्स डे के उपलक्ष में टीम ऑवर फॉर नेशन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने शिवबारी रोड पर संस्थान के मुख्य गेट के सामने सड़क के दोनों ओर सफाई अभियान चलाया। इसी मार्ग पर आगे चौराहे के रास्ते के बीच में आने वाले झाडियों एवं कंटीले पेड़ सही किए। सदस्यों व संस्थान के सभी कर्मचारियों ने सफाई अभियान में सहयोग किया। संस्थान की चारदीवारी के साथ पड़े मलबे एवं प्लास्टिक आदि को हटाया गया। संस्थान के अंदर भी वृहद सफाई अभियान छेड़ा गया है। वहां क्षेत्र निवासियों की मदद से हरा भरा पार्क विकसित करने की योजना भी बनाई।

260 लोगों ने किया ब्लड डोनेशन

बीकानेर, (कासं)। अनाज मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सहीराम दुसाद की चौथी पुण्यतिथि अवसर पर रखे ब्लड डोनेशन कैम्प में 260 लोगों ने रक्तदान किया। ब्लड डोनेशन शिविर में हिस्सा लेने वाले व्यापारियों, मंडी पल्लेदारों और ग्रामीणों को जनप्रतिनिधियों ने सम्मानित किया। इसी क्रम में अनाज मंडी और अक्कासर टीम के बीच कबड्डी का फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें अनाज मंडी टीम ने जीत दर्ज करवाई। पूर्व अध्यक्ष सहीराम दुसाद के पुत्र मोहल लाल दुसाद ने बताया कि ब्लड डोनेशन कैम्प में केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, महापौर सुशीला कंवर, विधायक जेठानंद व्यास, सुशील डूडी, डॉ. सत्य प्रकाश आचार्य, मोहन सुराणा, भाजपा शहर अध्यक्ष विजय आचार्य, देहात अध्यक्ष जालम सिंह भाटी सहित अनाज मंडी सचिव नवीन गोदारा, जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक मंजू गोदारा नैण तथा कच्ची आढ़त व्यापार संघ के अध्यक्ष जयदयाल डूडी, पूर्व अध्यक्ष जगदीश पेड़ीवाल, मोती लाल सेठिया, पक्की आढ़त व्यापार संघ के अध्यक्ष जयकिशन अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

नोखा, (कासं)। रायसर मार्ग स्थित आदर्श विद्या मन्दिर उच्च माध्यमिक में 65वीं जिला स्तरीय विद्यायली छात्र-छात्रा खेल, 14 वर्षीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य आशीष डागा ने किया। प्रतियोगिता 15 से 19 सितम्बर 2024 तक आयोजित होगी। 15 सितम्बर को छात्रा वर्ग के टीम मैचों का आयोजन हुआ। जिसमें मेमोरियल बीकानेर टीम विजय रही तथा सोफिया स्कूल बीकानेर उपविजेता रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह ने बताया कि पहले दिन की प्रतियोगिता में 13 टीमों के 65 छात्राओं ने भाग लिया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष ईश्वरचन्द दुगड़ ने सभी खिलाड़ियों से परिचय किया और साथ में कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद भी शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जरूरी है।

60 साल से ज्यादा के खिलाड़ी क्रिकेट में दिखाएंगे दमखम

■ बीकानेर में जुटेंगे देशभर के वेटनर्स

बीकानेर, (कासं)। प्रदेश भर के युवा क्रिकेटरों को मोटिवेशन देने के उद्देश्य से 60 साल से अधिक आयु वाले क्रिकेट खिलाड़ी बीकानेर में अपना दमखम दिखायेंगे। अगले महीने की 17 से 20 अक्टूबर को देशभर के करीब पचास से ज्यादा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवायेंगे।

पॉलिश्ड बाउंड्रीज क्रिकेट क्लब और वीसीआई के तत्वावधान में बीकानेर में पहली बार होने वाले वेटनर्स प्रीमियर कप में ये खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पत्रकारों को जानकारी देते हुए क्लब के निदेशक सेवानिवृत रेलवे अधिकारी सुनील जोशी ने बताया कि नॉक आउट आधार पर 40-40 ओवर की यह प्रतियोगिता सादुल क्लब मैदान व रेलवे स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित होगी। जिसमें चार टीमें हिस्सा लेगी। फाइनल 20 ओवर का खेला जायेगा। इसके अलावा तीसरे व चौथे स्थान के लिये भी 20-20 ओवर का एक मैच होगा। जोशी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हाल ही में वेटनर्स के लिये हुए टी-20 वर्ल्ड कप में भाग लेने वाले खिलाड़ी में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य वरिष्ठ खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करना है।

जोशी ने बताया कि टूर्नामेंट से एक दिन पहले रेलवे स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स पर वेटनर्स खिलाड़ी नवोदित खिलाड़ियों से परिचय लेंगे और उनसे संवाद भी करेंगे। साथ ही नये खिलाडियों से अपने अनुभव साझा करेंगे तथा उनको क्रिकेट के कुछ टिप्स भी प्रदान करेंगे। आयोजन कार्यकारिणी के सदस्य अनिल शर्मा और रमेश जोशी ने बताया कि बीकानेर की ऐतिहासिक भूमि पर आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में महाराष्ट्र, बंगाल, झारखंड, कर्नाटक, केरला, मध्यप्रदेश, दिल्ली, तमिलनाडू और राजस्थान इत्यादि से खिलाड़ी आयेंगे। एक खिलाड़ी इंग्लैड से भी इसमें शिरकत करेंगे। ये बीकानेर के खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव होगा।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस टूर्नामेंट के माध्यम से खेल को जीवन के हर पड़ाव में प्रोत्साहित किया जाए और वरिष्ठ नागरिकों को सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ी अपने खेल कौशल और खेल भावना का परिचय देंगे,जो कि इस आयु वर्ग के लिए प्रेरणादायक होगा।

बारह गुवाड़ में गणेश प्रतिमा के आगे डांडिया नृत्य

बीकानेर, (कासं)। बारह गुवाड़ चौक में महादेव मंदिर के पीछे पिछले नौ सालों से गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है। सुखी और सांगी महाराज के घर के आगे मनाये जाने वाले इस महोत्सव को बच्चे और महिला मंडल ही संभालता है। गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक यहां हर दिन शाम को डांडिया नृत्य होता है।

इस डांडिया नृत्य में बच्चे और महिलाएं अलग-अलग झांकियों में पहुंचते हैं। इस महोत्सव में गणेशजी का तरह-तरह से श्रृंगार किया जाता है। नारियल, फल-फूल, हरियाली से श्रृंगार के अलावा छप्पन भोग की झांकी भी सजाई जाती है। रात भर भजनों का कार्यक्रम होगा। जिसमें गायक कलाकार प्रस्तुति देंगे।

मोनिका रंगा, पार्वती, कार्तिक, मयंक और अनुज सहित आसपास के दर्जनों बच्चे स्कूल से आने के बाद महोत्सव की तैयारियों में जुट जाते हैं। किसी के पास सामान लाने की जिम्मेदारी है तो किसी के पास सजावट की। अनंत चतुर्दशी को सुबह हवन के बाद प्रतिमा को देवीकुंड सागर के तालाब में विसर्जित किया जायेगा।

नोखा। माहेश्वरी समाज की जिला स्तरीय बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता के एमसीएल सीजन-3 की ट्रॉफी लांचिंग एंड टीम-टाई का कार्यक्रम माहेश्वरी भवन नोखा में सम्पन हुआ।

माहेश्वरी युवा संगठन के खेल मंत्री प्रवेश चांडक ने बताया कि 16 टीमों की टाई निकाली गई। जिसमें टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया। इसके बाद माहेश्वरी क्रिकेट लीग ट्रॉफी का अनावरण किया गया।

माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष केशव करवा ने बताया कि एमसीएल-3 का उद्घाटन सत्र रविवार की शाम 6 बजे के.सी. मंडप के जोरा गार्डन में किया जायेगा।

कार का टायर फटने से एक की मौत, 11 घायल

■ रायसिंहनगर तहसील के गांव 74 एनपी के पास हुआ हादसा

श्रीगंगानगर, (कासं)। अनूपगढ़ जिले की रायसिंहनगर तहसील के गांव 74 एनपी के पास रविवार दोपहर कार का टायर फटने से इसमें सवार एक स्टूडेंट की मौत हो गई। जबकि 11 अन्य घायल हो गए। घायलों में नौ स्टूडेंट और दो टीचर शामिल हैं।

घड़साना के गांव तीन एसटीआर की संस्कार एकेडमी के स्टूडेंट्स कबड्डी टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए रायसिंहनगर के गांव 28 एमएल आए थे। यहां से दोपहर में वापस घड़साना के लिए रवाना हुए। कार में दो टीचर और दस स्टूडेंट सवार हुए। रायसिंहनगर के समेजा थाना क्षेत्र में गांव 74 एनपी के पास कार का टायर अचानक फट गया। इससे कार पलटकर सड़क किनारे खेत में जा गिरी। कार पलटने के दौरान इसमें सवार आठवीं कक्षा का स्टूडेंट पार्श्व (13) पुत्र लक्ष्मण राम कार से बाहर जा गिरा। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वह गांव तीन एसटीआर का रहने वाला था।

तेज आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने उन्हें संभाला। कार पूरी तरह उलट गई थी। ऐसे में इसमें फंसे लोगों को काफी प्रयास के बाद बाहर निकाला गया। घायलों को समेजा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां ज्यादा चोटें नहीं होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार देकर छुट्टी दे दी गई। मृतक का शव सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

हादसे में स्कूल के टीचर घड़साना निवासी प्रमोद कुमार पुत्र हरिराम और आरिफ पुत्र इमरान खान को मामूली चोटें आई। इसके अलावा स्टूडेंट हनुमान प्रसाद पुत्र शंकरलाल, अरमान खान पुत्र आरिफ मोहम्मद, दक्ष पुत्र दीपक कुमार, दिशांत पुत्र विनोद कुमार, मदन गोपाल पुत्र सोहनलाल, मेहुल कालवा पुत्र रामप्रताप, मोहम्मद शाहिद पुत्र मोहम्मद शाफिक, विवेक प्रतापसिंह पुत्र हितेंद्र सिंह और अभिजोत पुत्र बूटासिंह को मामूली चोटें आई है।

भाजपा ने बीकानेर में 27 हजार सदस्य बनाए

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी संभाग कार्यालय में बीकानेर जिले की सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक हुई। मुख्य अतिथि केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल उपस्थित रहे। किस तरह बीकानेर में सदस्यता अभियान चल रहा है और इसे किस प्रकार और गति दी जाए उसको लेकर जिला पदाधिकारियों, सदस्यता अभियान प्रभारियों, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष शहर और देहात कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा की गई।

केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा इस सदस्यता अभियान में भाजपा ने अब तक महा रिकॉर्ड बनाया है सदस्यता अभियान में देश में 11 दिनों में बनाए 3 करोड़ से ज्यादा सदस्य प्रदेश में 11 लाख से ज्यादा और बीकानेर 27 हजार पार सदस्य अब तक बन चुके हैं। बैठक की अध्यक्षता शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य और देहात जिलाध्यक्ष जालम सिंह भाटी ने की। विजय आचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह, सेवा पखवाड़ा के रूप में हर वर्ष पार्टी मनाती है। जिसमें रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान आदि किए जाएंगे।

जुबेर खान के निधन पर शोक

बीकानेर, (कासं)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव व रामगढ़ से विधायक एवं एनएसयूआई के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष जुबेर खान के निधन पर बीकानेर के कांग्रेसजनों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष बी. जी. बिस्सा, पूर्व प्रदेश मंत्री गोपाल पुरोहित, होलसेल भंडार के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र व्यास, डॉ विजय आचार्य, शहर कांग्रेस सचिव मनमोहन पुरोहित सहित कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि एक अच्छा संगठनकर्ता हमारे बीच से चला गया है। यह हमारे लिए अपूर्णीय क्षति है। जुबेर खान दो बार जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष, एवं कई बार विधायक रहे हैं।

पसली के ग्राफ्ट से 13 साल की बालिका का बनाया नया कान

■ बालिका की जन्मजात विकृति थी, पसली से ग्राफ्ट लेकर विशेषज्ञों ने नए कान की संरचना की

बीकानेर, (कासं)। संभाग की पहली पिन्ना प्लास्टी सर्जरी पीबीएम हॉस्पिटल के ईएनटी विभाग में हुई। इसके तहत 13 साल की बालिका के नया कान बनाया गया है। इस क्रिटिकल सर्जरी को अजमेर के प्रसिद्ध ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. विजय गक्खड़ के निर्देशन में किया गया। सेमिनार हॉल में अन्य डॉक्टर्स ने इसे लाइव देखा।

पीबीएम हॉस्पिटल के ईएनटी विभाग में 13 साल की अनुसुईया के नया कान बनाया गया। बालिका की जन्मजात विकृति थी। पसली से ग्राफ्ट लेकर विशेषज्ञों ने नए कान की संरचना की। ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ गौरव गुप्ता और प्रोफेसर डॉ विवेक सामोर ने इस अपूर्व वर्कशॉप का आयोजन किया। हिसार के प्लास्टिक सर्जन डॉ. विशाल गोयल भी मौजूद रहे। वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ जे. पी. गुप्ता, डॉ दीपचंद भी शामिल रहे। इस वर्कशॉप में बीकानेर शहर के सभी ईएनटी विशेषज्ञ एवं पीजी स्टूडेंट्स ने भाग लिया।

एसपी मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग से डॉ गीता सोलंकी, डॉ शाश्वत दत्त मेहता, डॉ अशोक पुनिया, निश्चेतन विभाग से डॉ विशाल देवड़ा एवं नर्सिंग कर्मी किरण ढिल्लों ने अपना सहयोग दिया। मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. गुंजन सोनी ने बताया कि बीकानेर संभाग में कान की बाहरी संरचना एवं बनावट से संबंधित ये नवीन कार्यक्रम, मूक बधिर मरीजों को नई आशा देगा। पहले यहां इस प्रकार की सर्जरी नहीं हो पाती थी।

नशे के खिलाफ जन आंदोलन में हर आदमी जुड़कर अपना योगदान दें : अर्पिता गुप्ता

■ नशा मुक्ति जागरूकता अभियान पर संगोष्ठी आयोजित

बीकानेर, (कासं)। शास्त्रीनगर कार्यालय में ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फैडरेशन द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

संस्थान की नेशनल चीफ एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. अर्पिता गुप्ता ने बताया की 'जागृति' नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का उद्देश्य न केवल जन-साधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागृत करना है बल्कि नशे के खिलाफ जन आंदोलन का रुप देना है, ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सकें। नशा केवल व्यक्ति समाज या राष्ट्र विशेष के लिए नहीं बल्कि पूरी मानव सभ्यता के लिए खतरा है। दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नहीं है, नशा भी छोड़ा जा सकता है। इसके लिए दृढ संकल्प लेना जरुरी है।

संस्थान सेक्रेटरी सुरेंद्र जोशी ने कहा कि मुख्य रूप से आज की युवा पीढ़ी नशे की आदी हो रही है। जिसको रोकने के उद्देश्य से जागृति अभियान के तहत संस्थान द्वारा विद्यालय व कॉलेज में प्रत्येक सप्ताह नशा मुक्ति पर सेमिनार, प्रतियोगिताएं आदि आयोजित करके जागरूक कर नशा रोकने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर आर. एल जी.संस्थान के महामंत्री वीरेंद्र राजगुरु ने कहा कि नशा एक बीमारी है। व्यक्ति मनोरंजन के तौर पर नशे की शुरुआत करता है, लेकिन बाद में यह आदत में शुमार हो जाता है जिससे पूरे परिवार की मानसिक स्थिति के साथ-साथ आर्थिक स्थिति भी खराब हो जाती है। संगोष्ठी में घनश्याम गोस्वामी, मनीष बारूपाल, सतीश दान, आरती भार्गव, विनीत सिंह राजपूत, जुनैद सिसोदिया, महेंद्र सिंह आदि ने भी नशा मुक्ति के लिए अपने सुझाव रखें।

नशा मुक्ति जागरूकता अभियान पर संगोष्ठी को डॉ. अर्पिता गुप्ता ने संबोधित किया।

दिव्या को जूडो में गोल्ड मैडल : श्रीगंगानगर में इंदिरा चौक स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय की कक्षा 11 की छात्रा दिव्या शर्मा ने जिला स्तरीय अंडर 17 जूडो प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल प्राप्त किया है।

उप प्रधानाचार्य सारिका ने बताया कि छात्रा दिव्या राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मल्टीपरपज में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय जूडो में भाग लेगी। प्राचार्य तरूण गुप्ता एवं शारीरिक शिक्षक बलवंत राम के मुताबिक विद्यालय के कक्षा 12 के छात्र अनुभव सोनी ने शतरंज प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान निश्चित किया है।

लेघा जिलाध्यक्ष व मनोज सुथार जिला महामंत्री निर्वाचित

बीकानेर, (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की जिला शाखा बीकानेर के चुनाव 15 सितम्बर रविवार को पंचायत समिति बीकानेर के सभागार में सम्पन्न हुए। जिसमें पृथ्वीराज लेघा को जिलाध्यक्ष एवं मनोज सुथार को जिला महामंत्री के पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में शिवराज चौधरी प्रदेश महामंत्री ग्रामविकास अधिकारी, चुनाव अधिकारी जयकिशन पारीक पूर्व जिलाध्यक्ष कर्मचारी महासंघ व सहायक चुनाव अधिकारी रेवन्तराम गोदारा सेवानिवृत व्याख्याता उपस्थित रहे। चुनाव से पूर्व आयोजित अधिवेशन में पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पंवार व कर्मचारी नेता गुरूचरण सिंह मान ने अपने सम्बोधन में सभी कर्मचारियों से पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन में बढ-चढकर भाग लेने की अपील की। रेवन्तराम गोदारा व जयकिशन पारीक ने अपने उद्बोधन में आठवें वेतन आयोग का अविलम्ब गठन करने, समस्त संविदा कर्मियों को नियमित करने, सभी संवर्गों की नियमित पदोन्नति करने, आयकर छूट की सीमा बढ़ाने, समस्त रिक्त पदों को भरने का मुद्दा उठाया। अधिवेशन में राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के महेन्द्र भंवरिया, देवेन्द्र जाखड, श्रवण पुरोहित मौजूद थे।

राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के चुनाव में पृथ्वीराज लेघा के जिलाध्यक्ष व मनोज सुथार का महामंत्री बनने पर स्वागत किया।